हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Main - 22 Aug 2025 - Page 6

# रायपुर में घुड़सवारी-थीम पर आधारित लक्जरी टाउनशिप 'डेला रेसकोर्स' लांच





■ यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ को वैश्विक रियल एस्टेट पटल पर स्थापित करेगाः जिमी मिस्त्री

**रायपुर।** डेला टाउनशिप्स के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवारी-थीम पर आधारित एकीकृत लक्जरी टाउनशिप 'डेला रेसकोर्स' के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर उनके साथ साझेदार आरडीबी ग्रुप के विनोद दुग्गर, नाहर ग्रुप के सुखराज नाहर, अनेकांत ग्रुप के धर्मेंद्र केआर जैन और आरकेसीएएक्सटी के धीरज राठी भी मौजूद रहे। करीब 50 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट में विश्वस्तरीय रेसकोर्स, इंटरनेशनल पोलो क्लब, लक्जरी आवास और आतिथ्य-संचालित रियल एस्टेट सुविधाएं होंगी। यह टाउनशिप डेला के खास सीडीडीएमओ मॉडल (कांसेप्ट, डिजाइन, डेवलपमेंट, मार्केटिंग, सेल्स, ऑपरेशन) के तहत विकसित की जा रही है। इस परियोजना का केंद्र 8 एकड़ में फैला अत्याधुनिक रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब होगा, जहां पोलो मैच, घुड़सवारी ड्रेसेज और विभिन्न विश्वस्तरीय आयोजन होंगे। यह टाउनशिप रायपुर को भारत के लक्जरी जीवनशैली मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने में मदद करेगी। इस अवसर पर जिमी मिस्त्री ने कहा कि हम केवल टाउनशिप नहीं बना रहे, बल्कि भारत के जीवन, कार्य और सपनों का भविष्य गढ़ रहे हैं। डेला समूह पुणे, नागपुर और गोवा में पहले ही थीम-आधारित टाउनशिप्स शुरू कर चुका है। 'डेला रेसकोर्स' इस श्रृंखला का अगला मील का पत्थर है, जो छत्तीसगढ़ को वैश्विक रियल एस्टेट पटल पर स्थापित करेगा।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए

epaper : ww
Email : resp
Appoint
आवश्य
सिक्योरि
आवश्यकता